
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 199 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
जाति जनगणना की मांग



# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 14 नवंबर 2024



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 17.0°

79924.77

2 अपने नागरिकों से डरती है ईरानी सरकार

7 रोहित शर्मा को हिटमैन बना दिया

# गरीबों के लिए काम कर रही सरकारः पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मिथिलांचल वासियों को सौगात देने दरभंगा पहुंचे। पीएम मोदी ने दरभंगा एम्स के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

पीएम मोदी दरभंगा एम्स का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इसके साथ ही वो दरभंगा बाईपास स्टेशन और झंझारपुर से लौकहा रेल लाइन का रिमोट से वर्चुअली उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से उत्तर बिहार के लोगों को काफी फायदा होगा। इसके साथ ही पीएम ने 389 करोड़ की लागत से निर्मित काकरघाटी–शीशो बाइपास रेलवे लाइन, झंझारपुर–लोकहा बाजार रेलखंड के गेज परिवर्तन के साथ ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। दरभंगा एम्स का शिलान्यास करने के बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया।

## पीएम मोदी ने किया दरभंगा एम्स का शिलान्यास, सड़क-रेलमार्ग की भी मिली सौगात

### आयुष्मान भारत योजना से करीब चार करोड़ लोग इलाज करा चुके

पीएम मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से देश में करीब चार करोड़ लोगों का इलाज हो चुका है। अगर आयुष्मान भारत योजना न होती, तो इनमें से ज्यादातर लोग अस्पताल में भर्ती ही नहीं हो पाते। मुझे खुशी है कि इनके जीवन की बहुत बड़ी चिंता एनडीए सरकार की योजना से दूर हुई। योजना से करोड़ों परिवारों को करीब सवा लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है।



### पीएम ने कांग्रेस और लालू पर इशारों में साधा निशाना

पीएम मोदी ने लालू यादव और कांग्रेस पर भी इशारों में हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले के जमाने में सरकार सिर्फ वादों और दावे करते हैं। बिहार में नीतीश कुमार के शासन से पहले क्या था। नीतीश कुमार के शासन में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हुई । उन्होंने कहा कि देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना और उनके जीवन को आसान बनाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत जय भारत माता के नारे से भी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने झारखंड के मतदाताओं से चुनाव में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने और वोट डालने की अपील की। वहीं बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। दरभंगा में पीएम मोदी ने कहा कि दरभंगा एम्स का सपना अब पूरा होने वाला है। इससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिलांचल, कोसी, पश्चिम बंगाल के लोगों की मदद होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में सबसे बड़ी आबादी गरीब और मध्यम वर्गीय की है। बीमारी भी इसी वर्ग को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। इसलिए इस वर्ग की कमाई की सबसे ज्यादा खर्च बीमारी पर होता है। हम लोग भी इसी वर्ग से निकले हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार देश में स्वास्थ्य को लेकर होलिस्टिक अप्रोच के साथ काम कर रही है। हमारा पहला फोकस बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। तीसरा फोकस है लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले, उन्हें सस्ती दवाएं मिलें। चौथा फोकस है छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना। देश में डॉक्टरों की कमी को दूर करना और पांचवां फोकस है। स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नॉलजी का विस्तार करना।

### भाषण के तुरंत बाद पीएम के पैर छूने पहुंच गए सीएम नीतीश

मंच पर कुछ ऐसा हुआ, जिसकी सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, शिलान्यास को लेकर मंच पर भाषण के बाद सीएम नीतीश सीधे पीएम मोदी के पैर छूने पहुंच गए। हालांकि, पीएम मोदी ने उन्हें रोक लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मोदी का स्वागत करता हूं। आज महत्तपूर्ण दिन हैं, दरभंगा एम्स के निर्माण का। दरभंगा में एम्स के निर्माण से बिहार के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स का स्थल बहुत अच्छा है। एम्स बनने से दरभंगा का और भी ज्यादा विस्तार होगा। दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 25 सौ मरीजों के लाभ के लिए विस्तार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में पांच बजे तक 64.86 फीसदी मतदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

झारखंड। झारखंड में पहले चरण के मतदान में चंपई सोरेन, बन्ना गुप्ता, सरयू राय, चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, रामदास सोरेन, पूर्णिमा दास, डा. अजय कुमार और मंगल कालिंदी जैसे दिग्गजों की किस्मत दांव पर है। झारखंड में शाम 5 बजे तक 64.86 प्रतिशत मतदान हुआ है। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए बुधवार को मतदान कराए गए।

### उद्धव, फडणवीस के बाद अब एकनाथ शिंदे के बैग की तलाशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** पालघर। महाराष्ट्र विस चुनाव प्रचार के बीच बैग की तलाशी लेने पर भी सियासत जारी है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने अब पालघर में सीएम एकनाथ शिंदे के बैग की भी तलाशी ली है। अधिकारियों ने यह तलाशी पालघर के कोलवाडे पुलिस परेड ग्राउंड में हेलीपैड पर ली, जब सीएम का हेलीकॉप्टर वहां उतरा था। अधिकारी उनके पास पहुंचे और बैग की तलाशी करने की बात कही।

# दिशानिर्देशों का पालन किए बिना तोड़फोड़ नहीं होगी

## बुलडोजर ऐक्शन पर चला सुप्रीम कोर्ट का चाबुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बुलडोजर जस्टिस पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना बुलडोजर चला दिया। आरोपियों और यहां तक कि दोषियों के खिलाफ भी बुलडोजर ऐक्शन को शीर्ष अदालत ने गैरकानूनी और असंवैधानिक ठहराया है। अवैध निर्माण को गिराने को लेकर कोर्ट ने गाइडलाइंस तय कर दिए हैं। उनका उल्लंघन होने पर अफसरों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होगी। कोर्ट ने कहा कि घर सपना होता है और सपने नहीं तोड़ने चाहिए। आवास का अधिकार मूल अधिकार का हिस्सा है। संबंधित पक्ष को व्यक्तिगत तौर पर अपना पक्ष रखने का मौका देना होगा। अगर तय प्रक्रिया पूरी किए बगैर बुलडोजर ऐक्शन होता है तो संबंधित अधिकारियों से हर्जाना वसूला जाएगा।

### बुलडोजर ऐक्शन से पहले नोटिस जरूरी

शीर्ष अदालत ने कहा कि रात के समय महिलाओं और बच्चों को सड़कों पर घसीटते देखना सुखद दृश्य नहीं है। बिना पूर्व कारण बताओ नोटिस के कोई ध्वस्तीकरण नहीं किया जाना चाहिए, जो या तो स्थानीय नगरपालिका कानूनों में दिए गए समय के अनुसार या सेवा की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यह नोटिस पंजीकृत डाक के माध्यम से मालिक को भेजा जाएगा और संरचना के बाहरी हिस्से पर भी चिपकाया जाएगा। नोटिस में अवैध निर्माण की प्रकृति, विशेष उल्लंघन का विवरण और डेमोलेशन के आधार शामिल होने चाहिए।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि किसी आरोपी या फिर गुनहगार के घर को सिर्फ इस आधार पर नहीं गिराया जा सकता कि संबंधित व्यक्ति की आपराधिक पृष्ठभूमि है। इस तरह की कार्रवाई गैरकानूनी और असंवैधानिक है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर संपत्ति को सिर्फ इसलिए ध्वस्त किया जाता है कि व्यक्ति आरोपी है तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। कार्यपालिका यह नहीं तय कर सकती है कि कौन दोषी है और वह जज बनकर ये फैसला नहीं कर सकती कि वह दोषी है या नहींय इस तरह की कार्रवाई लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है।

# विदेशी घुसपैठ के कारण रोटी,बेटी और माटी पर खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देवघर। देवघर में सारठ के रांगा सिरसा मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवघर, दुमका, जामताड़ा के भाजपा प्रत्याशियों को जीताने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी घुसपैठ, कांग्रेस के आरक्षण की खतरनाक साजिश और बहन सीता के अपमान पर आवाम को गोलबंद किया। मोदी यह कहने में कामयाब हुए कि एक हैं तो सेफ हैं। मोदी वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार पर खूब गरजे। कहा कि विश्वास दिलाता हूं बीजेपी–एनडीए सरकार संताल–झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी।

पीएम मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी तादाद में माता–बहनें आशीर्वाद देने आई हैं, जिससे सारे रिकॉर्ड टूट गए। देवघर आने का सौभाग्य पहले भी मिला है, लेकिन सारठ पहली बार आया हूं। चुनाव का नतीजा यहां दिख रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में एनडीए सरकार की गारंटी देता हूं। हर तरफ एक ही गूंज है। रोटी–बेटी माटी की पुकार, झारखंड में एनडीए की सरकार। संताल परगना नया इतिहास रचने को तैयार है। झामुमो–कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना है। झारखंड में हर जगह घुसपैठ को लेकर चर्चा हो रही है।

### निशाना

■झारखंड में पीएम मोदी ने दे दी एक और गारंटी

### झारखंड की पहचान बदलने की साजिश हो रही

पीएम मोदी ने आगे कहा कि अगर झारखंड की पहचान की खत्म हो गई तो क्या होगा। संताल परगना में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है। जल जंगल जमीन को बचाना है। आज झारखंड की पहचान बदलने की साजिश हो रही है। बाहरी लोगों का झामुमो–कांग्रेस कागज बना कर दे रहे है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आप अपने पैरों पर खड़े हों

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ सुप्रीम कोर्ट की अजित पवार गुट को नसीहत

मुबंई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट को नसीहत दी है। एनसीपी शरद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपी अजित पवार अपने पैरों पर खड़ी हो। चुनाव में शरद पवार की फोटो का इस्तेमाल न करें। क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने की जगह चुनाव पर ध्यान दें। कोर्ट ने अजित पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा कि अपने कार्यकर्ताओं से कहें कि चुनाव में शरद पवार की फोटो, पुरानी या नई वीडियो क्लिप का उपयोग न करें। अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच ऑनलाइन सूचना जारी करके ऐसे निर्देश दें। पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के लोग बुद्धिमान हैं जो अजित पवार और शरद पवार के बीच अंतर समझते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस युग में वह धोखा भी खा सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### ब्रिटेन के ऑक्शन हाउस में नीलामी हुई टीपू की तलवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। मैसूर के शासक रहे टीपू सुल्तान की तलवार को ब्रिटेन में नीलाम किया गया है। लंदन के बोनहम्स ऑक्शन हाउस में टीपू की तलवार को 317,900 पाउंड (3.4 करोड़ भारतीय रुपए) में बेचा गया है। ये तलवार 1799 में श्रीरंगपट्टम की लड़ाई के समय की है। इस युद्ध में टीपू सुल्तान की हार और मौत के बाद उनकी इस तलवार को अंग्रेज सेना के कैप्टन जेम्स एंड्रयू डिक को उनकी सेवा के लिए गिफ्ट के तौर पर दिया गया था। वह इस तलवार को ब्रिटेन ले गए और बीते 300 साल से ये शानदार तलवार उनके परिवार के पास थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा माना जाता है कि चमकदार ब्लेड वाली ये तलवार टीपू सुल्तान के निजी शस्त्रागार का हिस्सा थी। इस तलवार पर शेर–ए–मैसूर की पहचान बुबरी (बाघ धारी) गुदा हुआ है और इसकी मूठ पर खास किस्म की नक्काशी और सजावट है। इसके ब्लेड पर सोने में अरबी अक्षर हा जड़ा हुआ है, ये टीपू के पिता हैदर अली का संदर्भ है। कैप्टन जेम्स एंड्रयू डिक श्रीरंगपट्टम की लड़ाई के दौरान लेफ्टिनेंट के रूप में लड़े थे। उनकी रेजिमेंट लड़ाई में हमलावर दल का हिस्सा थी, उनकी रेजिमेंट ने सीढ़ियों के इस्तेमाल से दीवारों को तोड़ा था। डिक की रेजिमेंट टीपू के शहर में दाखिल होने वाली पहली ब्रिटिश सेनाओं में से थी। ये भी माना जाता है कि इस रेजिमेंट ने ही लड़ाई के बाद टीपू के पार्थिव शरीर की खोजा था। टीपू के साथ इस लड़ाई में कामयाबी के बाद डिक को कई इनाम मिले थे।

### पाकिस्तान को सबसे खास दोस्त चीन ने दे दिया झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अपने नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों ने चीन का पाक सुरक्षाबलों से भरोसा उठा दिया है। बीजिंग अब पाकिस्तान में अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए चीनी सिक्योरिटी स्टाफ को तैनात करना चाहता है। ऐसे में चीन की सरकार इस्लामाबाद पर पाकिस्तान में काम करने वाले हजारों कर्मियों को सुरक्षा देने के लिए अपने सैनिकों की तैनाती की अनुमति देने के लिए दबाव डाल रहा है। पाक अखबार डॉन ने सूत्रों के हवाले से की गई रिपोर्ट में ये दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कराची एयरपोर्ट के पास बीते हुए पिछले महीने हुए विस्फोट में दो चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। कराची हवाई अड्डे के पास हुए इस कार बम विस्फोट को चीन ने सुरक्षा में बड़ी चूक की तरह देखा है। इसने चीन की नाराजगी को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है। इसने पाकिस्तान सरकार को ज्वाइंट सिक्योरिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए मजबूर किया है। पाकिस्तानी सुरक्षा और सरकार के सूत्रों ने नाम ना बताने की शर्त पर रॉयटर्स से बात करते हुए कहा है कि चीनी अपनी सुरक्षा खुद लाना चाहते हैं। हालांकि पाकिस्तान ने अभी तक इस तरह के कदम पर सहमति नहीं जताई है। अधिकारी के अनुसार, बीजिंग की ओर से इस्लामाबाद को भेजे गए प्रस्ताव में आतंकवाद विरोधी अभियानों में सहायता करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों और सैन्य बलों को एक–दूसरे के क्षेत्र में भेजने की अनुमति देने पर जोर दिया गया है।

### बांग्लादेश के संस्थापक का नाम मिटाने में जुटे मोहम्मद यूनुस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की सरकार है। यूनुस सरकार देश को आजाद कराने वाले बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान का नाम मिटाने में लगी है। अगस्त में प्रधान मंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद भी देश में फूट देखने को मिली है। शेख हसीना बांग्लादेश से अगस्त की शुरुआत में भारत आ गई थीं। लेकिन उनके आने के बाद भी उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियां, तस्वीरें प्रदर्शनकारियों के हमले का शिकार होती रहीं। कोई भी ऐसी चीज जो बांग्लादेश को उसकी आजादी की याद दिलाए उसे खत्म करने की कोशिश की गई। अब इस क्रम में बांग्लादेश के राष्ट्रपति कार्यालय से मुजीबुर रहमान की फोटो हटा दी गई है। यह दिखाता है कि मोहम्मद यूनुस की कार्यवाहक सरकार छात्र नेताओं के आगे झुक गई है। मुजीबुर रहमान ने 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश बनाया। आजादी को लेकर भी बांग्लादेश का समाज बंटा हुआ रहा है।

# इजरायल से ज्यादा तो अपने नागरिकों से डरती है ईरानी सरकार

**संदेश**

## पीएम नेतन्याहू ने ईरानियों को दिया सीधा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानियों को दिए सीधे संदेश में कहा कि अयातुल्लाह अली खामनेई की सरकार इजरायल से ज्यादा अपने नागरिकों से डरती है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, यही कारण है कि वे इस प्रयास में इतना समय और पैसा खर्च करते हैं कि आप अपनी उम्मीदों को कुचल दो और अपने सपनों पर अंकुश लगाओ। ठीक है, मैं आपसे यह कहता हूं– अपने सपनों को मरने मत दो। मुझे यह फुसफुसाहट सुनाई देती है महिलाएं, जिंदगी, आजादी। उम्मीद मत हारो। आपको पता होना चाहिए कि इजरायल और दुनिया के देश आपके साथ हैं।

एक अक्टूबर को किए बैलिस्टिक मिसाइल हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इसकी कीमत करीब 2.3 अरब डॉलर थी और यह आपकी बहुमूल्य रकम थी, जिससे इजरायल में मामूली नुकसान हुआ।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि माउंट लेबनान क्षेत्र में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए और 13 घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि माउंट लेबनान के चौफ जिले में जौन पर एक हमले में 12 लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि बाल्बे शहर में एक और विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। लेबनान में इजराइल और लेबनान के ईरान–गठबंधन हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई जारी थी क्योंकि इजरायली सेना ने मंगलवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हवाई हमले किए, जिससे हिजबुल्लाह–नियंत्रित क्षेत्र पर अब तक के सबसे भारी दिन के हमलों में से एक बढ़ गया।

इजरायल की सेना ने गाजा पट्टी में फिर कई जगहों पर हमले किए हैं। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि दो जगहों पर हवाई हमले किए गए, जिसमें दो बच्चों और एक महिला समेत 14 लोग मारे गए। ये हमले इजरायल की ओर से घोषित मानवीय क्षेत्र में किए गए।

अधिकारियों के अनुसार, देर रात मुवासी मानवीय जोन में एक अस्थायी कैफेटेरिया को निशाना बनाया गया। यहां दो बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। इस कैफेटेरिया का उपयोग विस्थापित लोग करते थे। यह हमला इजरायली सेना की उस घोषणा के कुछ घंटे के बाद किया गया, जिसमें मानवीय जोन के विस्तार की बात कही गई थी। इस जगह पर गाजा के दूसरे हिस्सों से निकाले जा रहे फलस्तीनियों को शरण लेने को कहा जा रहा है।

## मेरा वजन घटा नहीं, बढ़ गया है: सुनीता विलियम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स जून महीने से ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं। अगले साल फरवरी में उनकी धरती पर वापसी की उम्मीद है। हाल ही में उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें देखा गया कि उनका वजन काफी घट गया है। इस तस्वीर को देखकर कई लोगों ने उनकी स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की थी। इसके बाद नासा को बयान जारी कर उनके स्वास्थ्य का अपडेट देना पड़ा था। गौरतलब है कि सुनीता विलियम्स ने खुद अपनी स्वास्थ्य को लेकर कुछ जानकारी दुनिया से साझा की है। उन्होंने बताया कि उनके शरीर में फ्लुइड शिफ्ट हुई है यानी उनके शरीर में मौजूद फ्लुइड्स समान रूप से शरीर में फैल चुकी है।

न्यू इंग्लैंड स्पोर्ट्स नेटवर्क क्लबहाउस किड्स शो से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि, साथियों स्पेस में आने के बाद लोगों के सिर थोड़े बड़े लगने लगते हैं, क्योंकि पूरे शरीर में फ्लुइड्स से समान रूप से फैल जाती है। वो पूरी तरह से स्वस्थ हैं। स्पेस में लंबे समय से रहने की वजह से उनका वजन बढ़ गया है। मेरी जांघ बढ़ गई है, बट बढ़ गया है, जिसकी वजह हम बहुत स्क्वाट्स एक्सरसाइज करते हैं।



### इजरायली सेना की लेबनान में बमबारी से 33 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल ने लेबनान में एक बार फिर भीषण बमबारी की है। इजरायल के हमले ने लेबनान में 33 लोगों की जान ली है। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर रॉकेट से अटैक किया गया है। हिजबुल्लाह के रॉकेट से किए हमले में इजरायल के उत्तरी शहर नाहरिया में दो लोगों की मौत हुई है। इजरायली अधिकारियों ने दो मौतों की पुष्टि करते हुए कहा कि लेबनान की धरती से ये रॉकेट दागे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, हिजबुल्लाह ने मंगलवार दोपहर को दो बार हमला किया। पहली बार उत्तर की ओर करीब 10 रॉकेट दागे गए, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। इन रॉकेट की चपेट में आए दोनों लोग खेत में काम कर रहे थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बार तेल अवीव क्षेत्र पर तीन रॉकेटों में दागे गए। हालांकि इस बार ये रॉकेट इजरायली वायु सेना ने रोक दिए।

## टीम डोनाल्ड ट्रंप बन गए एलन मस्क और भारतवंशी रामास्वामी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- ■मस्क और रामास्वामी सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करेंगे
- ■रामास्वामी के पास किसी तरह का सरकारी अनुभव नहीं है

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इससे पहले ट्रंप अपनी टीम बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कई बड़े पदों पर नियुक्तियों के बाद टेस्ला प्रमुख एलन मस्क और करोड़पति उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। ट्रंप ने एलान किया है कि मस्क और रामास्वामी सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा– मुझे यह जानकारी देते हुए खुशी हो रही है कि ग्रेट एलन मस्क अमेरिकी देशभक्त विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशियंसी विभाग संभालेंगे, जो सेव अमेरिका मूवमेंट के लिए बेहद आवश्यक है। ये दोनों शानदार शख्स मेरी सरकार में नौकरशाही को खत्म करने, फिजूल खर्च कम करने, गैरजरूरी नियमों को खत्म करने और संघीय एजेंसियों में सुधार पर काम करेंगे। इससे पैसे की बर्बादी करने वाले लोगों को साफ संदेश मिलेगा।

ट्रंप ने आगे लिखा– यह हमारे वक्त का द मैनहट्टन प्रोजेक्ट भी बन सकता है, क्योंकि रिपब्लिकन के नेताओं ने लंबे समय डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशियंसी के उद्देश्यों को पूरा करने का सपना देखा है। बता दें कि द मैनहट्टन अमेरिका का वो प्रोजेक्ट था, जिसके तहत अमेरिका ने परमाणु बम तैयार किया था।

अमेरिकी कैबिनेट में शामिल किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा– डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिशियंसी। वहीं विवेक रामास्वमी ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा– एलन मस्क हम इसे हल्के में नहीं लेंगे।

भारतवंशी विवके रामास्वामी एक धनी बायोटेक उद्यमी हैं। बता दें कि रामास्वामी के पास किसी तरह का सरकारी अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने कॉरपोरेट क्षेत्र में काम किया है और वह लागत में कटौती पर जोर दिया है।

### भारत ने आर्मेनिया को दिया हवाई कवच


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** येरेवन। भारत ने डिफेंस एक्सपोर्ट में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए आर्मेनिया को पहली आकाश वेपन सिस्टम बैटरी भेज दी है। रक्षा मंत्रालय में डिफेंस प्रोडक्शन के सेक्रेटरी संजीव कुमार ने बैटरी को आर्मेनिया के लिए रवाना किया। भारत से निर्यात की जाने वाली यह दूसरी मिसाइल प्रणाली है। भारत से मिला एयर डिफेंस सिस्टम आर्मेनिया के लिए अजरबैजान से लड़ाई में मददार साबित होगा। अजरबैजान को लगातार पाकिस्तान से हथियार मिल रहे हैं, जिनका इस्तेमाल वह आर्मेनिया के खिलाफ कर रहा है। आकाश को डीआरडीओ ने बनाया है, ये सतह से हवा में मार करने वाला एसएएम है। आकाश लड़ाकू विमानों, मिसाइल, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को 25 किमी की सीमा तक निशाना बना सकती है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाए

## नशे व साइबर अपराधों के खिलाफ स्कूली बच्चो को जागरूक कर रही पिथौरागढ़ पुलिस

**जागरूकता कार्यक्रम**

छात्र–छात्राओ को नशा, साइबर अपराध व यातायात नियमो के विषय मे किया जागरूक

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। नशा तस्कर आज मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों में नशा समाज की सबसे पहली नींव बच्चों को प्रभावित करने का लगातार प्रयास कर रहे है, जिसके खिलाफ पिथौरागढ़ पुलिस कप्तान रेखा यादव व उनकी टीम सक्रियता से कार्य करते हुए नशा तस्करो की गिरफ्तारी मुकम्मल करने सहित जनपद के स्कूल, कॉलेजों में जाकर छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक करने सहित साइबर अपराधों व यातायात नियमो की जानकारी दे रही है।

बुधवार को थानाध्यक्ष बेरीनाग महेश जोशी के नेतृत्व में बुधवार को बेरीनाग पुलिस टीम द्वारा राजकीय महाविद्यालय गडाई–गंगोली के छात्र–छात्राओ को नशा, साइबर अपराध व यातायात नियमो के विषय मे जागरूक किया। विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बेरीनाग पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक भुवन गहतोड़ी और कॉन्स्टेबल गोपाल पांडेय ने छात्रों से संवाद करते हुए वर्तमान समय मे टेक्नोलॉजी का इंसानी जीवन मे लगातार बढ़ते हस्तक्षेप के चलते स्वयं से साइबर सुरक्षा करने की अपील की। पुलिस टीम द्वारा सभी छात्रों को साइबर अपराध के प्रकार, तरीके बताते हुए सभी को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने के खतरों पर चर्चा की।



महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध भी चिंता का विषय है,जिसके चलते सभी छात्रों को महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए डायल 112 की उपयोगिता बताई व महिलाओं को उनकी आत्मरक्षा के सरल उपाय भी बताए। पुलिस टीम द्वारा सभी छात्रों को नशे से होने वाले शारीरिक,मानसिक,आर्थिक व सामाजिक हानि के विषय मे बताते हुए नशे के खिलाफ पूर्ण दृढ़ता से खड़े होते हुए 'न' कहने का आवाहन किया। पुलिस टीम द्वारा छात्रों को नशे से बचने व उसके खिलाफ पुलिस की जागरूकता अभियान में भागीदार बनने का आवाहन किया गया।

देश मे हर साल सड़क हादसों से होने वाली मौतों के खिलाफ भी पुलिस टीम ने छात्रों को अवगत करवाते हुए यातायात नियमो का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उन्होंने छात्रों को नशे में वाहन न चलाने, हेलमेट के बिना गाड़ी न चलाने की हिदायत दी।

पिथौरागढ़ पुलिस ने बताया कि पुलिस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस ने छात्रों से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं।

## न्यूज डायरी :

### 20 नवंबर को बंद होंगे श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे। पूर्व परंपरा के अनुसार भगवान मद्महेश्वर जी की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने अवगत कराया है कि इस शीतकाल हेतु श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को प्रातः पूर्व परंपरा के अनुसार बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री मद्महेश्वर की उत्सव डोली 20 नवंबर को मद्महेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु गौंडार पहुंचेगी। 21 नवंबर को ग्राम गौंडार से प्रातः प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु रांसी गांव तथा 22 नवंबर को रांसी से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु गिरीया गांव पहुंचेगी। बताया कि 23 नवंबर को गिरीया गांव से प्रस्थान कर अपराह्न 2 बजे पंचकेदार गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में प्रवेश करेगी।

### स्किल इंडिया टू बिल्ड इंडिया में एमईएससी गवर्निंग काउंसिल की भूमिका पर दिया जोर

**संवाददाता** देहरादून। भारत के मीडिया और इंटरटेनमेन्ट लैन्डस्केप को नया आकार देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी के साथ एमईएससी की गवर्निंग काउंसिल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। एमएसडीई के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने इस जीवंत क्षेत्र की बढ़ती मांगों और जटिलताओं पर बात करने के लिए काउंसिल के नए मैन्डेट पर जोर देते हुए कहा, एमईएससी की गवर्निंग काउंसिल को न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आवश्यक कौशल विकास के विशाल अवसरों और बढ़ते पैमाने को पहचानने के लिए मजबूत किया गया है।

### अपनी डाइट में बादाम को शामिल करें और ब्लड शुगर लेवल पर लगाम लगाएं

**संवाददाता** देहरादून। हर साल 14 नवम्बर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री–डायबिटिक हैं।

# दो अधिकारियों का लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। आगामी 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन में तैनात दो अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने इन अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि एफएसटी टीम प्रभारी के रूप में लोक निर्माण के अवर अभियंता को गुप्तकाशी से कालीमठ के साथ ही गौरीकुंड मोटर के दोनों ओर का क्षेत्र आवंटित किया गया है। मुख्यालय में स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम में निरीक्षण के दौरान जीपीएस लोकेशन ट्रेक करने पर अवर अभियंता को आवंटित वाहन की लोकेशन मेखंडा में पार्क होनी पाई गई। इसके बाद संबंधित अधिकारी से फोन पर पूछने पर ज्ञात हुआ कि वह निर्धारित ड्यूटी समय से पूर्व ही अपने आवास में चले गए हैं। एक अन्य एफएसटी प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊखीमठ को कुंड से ऊखीमठ चोपता, मनसूना परकंडी मोटर मार्ग के दोनों ओर का क्षेत्र आवंटित किया गया है। जीपीएस लोकेशन ट्रैक करने पर उक्त अधिकारी को आवंटित वाहन चुन्नी बैंड पर पार्क होनी पाई गई।

उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर उक्त अधिकारियों द्वारा निर्वाचन में की गई लापरवाही की गंभीरता को देखते हुए नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अग्रिम आदेशों तक उनका वेतन रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं।



## एक दिवसीय रिसर्च प्रोजेक्ट कार्यशाला का किया गया आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में बुधवार को इतिहास विभाग, समाजशास्त्र विभाग, शिक्षा शास्त्र विभाग एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के अन्तर्गत एक दिवसीय रिसर्च प्रोजेक्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ए0के0 तिवारी ने बताया कि कार्यशाला के द्वारा महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं को रिसर्च के प्रति जागरूक ओर रूचि को पैदा करना है जिससे आने वाले समय में छात्र –छात्रायें इस क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने के साथ ही क्षेत्र की प्रगति व देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

# कार्मिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश

**संवाददाता**

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने भी लिया प्रशिक्षण का जायजा

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित कराने के लिए राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में कार्मिकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज तीसरे दिन भी जारी रहा जिसका भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन ने उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता के साथ लेने के निर्देश दिए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के समय कोई भी गलती की गुंजाइश न रहे।

उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन आपसी समन्वय के साथ टीम भावना के साथ करें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह पीठासीन डायरी का ठीक ढंग से अध्यन करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया में जो भी फार्मेट भरे जाने हैं जिसमें 17ए एवं 17सी को संवेदनशीलता के साथ सभी फॉर्मों को भरें जिसमें किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न होने पाए।

उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन शुरू होने से पूर्व मोकपॉल अनिवार्य रूप से प्रत्याशियों के अभिकर्ता की उपस्थिति में करा लें तथा किए गए मोकपॉल करते हुए क्लियर करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन समापन के पश्चात क्लोज बटन को अवश्य दबाएं तथा निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न के पश्चात् ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा निर्वाचन को संपादित कराने में भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह इस उप निर्वाचन को भी कुशलता एवं आपसी समन्वय के साथ संपादित कराने में भी सभी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। किसी भी समस्या या परेशानी के लिए मास्टर ट्रेनरों से संपर्क कर उसका समाधान कर लिया जाए।

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने जिला कारागार चमोली का किया निरीक्षण

**संवाददाता** चमोली। बुधवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने अपने चमोली दौरे के दौरान जिला कारागार पुरसाडी, चमोली का निरीक्षण किया तथा उन्होंने वहाँ महिला कैदियों को मिलने वाली व्यवस्थाओं/सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष महिला कैदियों की समस्याओं के बारे में रूबरू हुई। कारागार में उन्होंने महिला कैदियों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक त्रिलोक चन्द्र आर्य ने बताया गया कि कारागार के महिला बैरक में वर्तमान में 3 महिला बन्दी हैं। जानकारी में उन्होंने बताया कि यहां 60 महिला बंदियों को रखने की व्यवस्था है। आयोग की अध्यक्ष ने महिला कैदियों को खाने–पीने के लिए दिया जाने वाला भोजन, चिकित्सकीय उपचार व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



*शिक्षक और सड़क एक जैसे होते हैं। खुद जहाँ हैं वहीं होते हैं लेकिन दूसरों को मंजिल तक पहुंचा देते हैं। -अज्ञात*



# जाति जनगणना की मांग

**इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी।**

अनुज श्रीवास्तव।।

आखिर देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने के आसार दिखने लगे हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा इसकी अभी भी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जिस तरह की सूचनाएं मीडिया में आई हैं और उनमें तैयारियों का जितना बारीक ब्योरा दिया गया है, उससे लगता है कि अब सरकार ने मन बना लिया है।

हर दस साल के अंतर पर होने वाली जनगणना कायदे से 2021 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कोविड–19 महामारी से उपजे हालात के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। लेकिन 2022 और 2023 के बाद अब 2024 भी बीतने को है। जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं।



इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी। उसके मुताबिक 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। अगर जनगणना नियमित अंतराल में होती तो परिसीमन का काम 2031 की जनगणना से मिले आंकड़ों के आधार पर होता। अब बदले हालात में यह 2027 में हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि 2029 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन के मुताबिक होंगे।

इस स्थिति ने दक्षिण और उत्तर के राज्यों का एक अवांछित विवाद खड़ा कर दिया है। चूंकि लोकसभा क्षेत्र के निर्धारण का एक मुख्य आधार जनसंख्या रही है, इसलिए माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों का हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगा, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में साउथ का दबदबा कमजोर पड़ेगा। देखना होगा कि सरकार साउथ की आशंका को मिटाने का क्या उपाय निकालती है।

इस बार की जनगणना के साथ जाति की गणना का प्रश्न भी जुड़ा है। विपक्षी दलों की इस मांग को छव। से जुड़े कुछ दलों का भी समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस मसले पर सरकार अपना रुख कितना और कैसे बदलती है। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी सेंसस के बाद लागू होनी है। साफ है कि इस जनगणना से आबादी के अलग–अलग तबकों की कई सारी उम्मीदें और आशंकाएं जुड़ी हैं, जो इसे सरकार के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

## यज्ञ हवन



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** उसके बाद फिर एक दिन सेठानी को घर में पूजा यज्ञ हवन करवाने की जरूरत पड़ी थी। सभी लोग तैयार हो चुके थे यज्ञ का पूरा सामान आ गया था यज्ञ शुरू हो गई थी। उसके बाद सेठ गणेशा से कहता है कि जाओ घर जाकर देखो सेठानी है रेडी तैयार हो गई है तो उसे बाहर आने के लिए कहो। जैसे ही श्री गणेशा अंदर जाता है तो देखता है कि सेठानी नहीं तो काले कलर का वस्त्रहरण किया हुआ था। तभी गणेशा कहता है कि सेठानी जी आप अभी यज्ञ हवन करने के लिए जा रहे हैं। ऐसे में आपको काले करार का वस्त्र बिल्कुल भी नहीं पहनना चाहिए इस कारण से आपके घर में बहुत ज्यादा समस्या हो सकती है और यह तुम्हें बिल्कुल भी सुधिया नहीं हो पाएगी। उसके बाद सेठानी तुरंत सेठ के पास जाता है और कहता है कि इस गणेशा मुझे इस पर कहां से कहता है। **...शेष कल**

## संपादकीय

### दो नजरिये

देश में हर घटना के दो पहलू होते हैं, एक जो सरकार बताती है और दूसरा जो लोग महसूस करते हैं। अगर सरकार कहती है कि उसने अचानक 'लॉकडाउन' के जरिए लोगों की जानें बचाईं, तो लोगों ने महसूस किया कि वे अपने खोए हुए काम को वापस नहीं पा सके। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ी, लेकिन साथ में बेरोजगारी भी। 'सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास' का नारा दिया गया, जबकि अल्पसंख्यकों में असुरक्षा और अलगाव की भावना बढ़ी। तकनीक ने भ्रष्टाचार के कुछ तरीकों को खत्म किया, तो नए तरीके भी खोज लिए गए। गुजरात और राष्ट्रीय स्तर पर मोदी के वर्षों की कहानी दो अलग–अलग नजरियों की कहानी है। शुरुआत से ही मोदी इतिहास का हिस्सा बनना चाहते थे, और अब जब उनका कार्यकाल जारी है, उन्होंने यह जगह बना ली है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भविष्य के इतिहासकार इन वर्षों को कैसे समझेंगे और लोग उन्हें कैसे याद करेंगे।

देश के लोगों में आत्मविश्वास जगाकर पीएम मोदी ने हमें विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। इस दौरान मोदी भी बदले हैं। भले ही कुछ गलतियां हुई हों, लेकिन उनकी सभी उपलब्धियां नकारात्मक नहीं हैं।

# विकसित भारत का लक्ष्य

नीलांजन मुखोपाध्याय।।

जिस समय जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार था, उस समय एक और खबर चर्चा में रही। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस 7 अक्टूबर को सार्वजनिक पद पर रहते हुए 23 साल पूरे कर लिए। पहले गुजरात के सीएम और अब प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल। उन्होंने ग पर पोस्ट किया कि वह बिना थके और अधिक जोश के साथ काम करते रहेंगे और तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता। इससे पीएम मोदी की यह इच्छा जाहिर होती है कि अगले साल जब वह 75 साल के हो जाएंगे, तब भी पद नहीं छोड़ेंगे। इस पोस्ट ने उन अटकलों को भी खारिज किया कि मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के बीच तनाव की वजह से कोई और नेता उनकी जगह ले सकता है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष व स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी मोदी का जोरदार समर्थन किया।

अमित शाह ने मोदी की यात्रा को इस बात का प्रतीक बताया कि कैसे एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन देश के हित और लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर सकता है। नड्डा ने कहा कि, 'मोदी ने हमेशा सार्वजनिक सेवा और देश के निर्माण को सबसे ऊपर रखा। देश के लोगों में आत्मविश्वास जगाकर पीएम मोदी ने हमें विकसित भारत का लक्ष्य दिया है।' चूंकि मोदी का पद पर बने रहने का इरादा साफ है, इसलिए यह जरूरी है कि अक्टूबर 2001 से अब तक के समय और उनके अलग–अलग रूपों और कार्यों को समझा जाए। इस दौरान मोदी भी बदले हैं। भले ही कुछ गलतियां हुई हों, लेकिन उनकी सभी उपलब्धियां नकारात्मक नहीं हैं।



गुजरात में मोदी 13 बरसों तक सीएम रहे। इस दौरान राज्य की विभिन्न इकाइयों पर बंदिशों और समाज व उसके संवाद पर अनुशासन के अलावा विकास की कहानी भी आगे बढ़ी। इसी तरह बतौर प्रधानमंत्री 10 साल में लोकतंत्र को सीमित करने के आरोप उन पर लगे। साथ ही, बढ़ती असमानता, कुछ लोगों के हाथों में सत्ता और धन के केंद्रीकरण की भी चर्चा हुई। इसके बावजूद कई अच्छे काम भी हुए हैं। वहीं, इस साल आम चुनाव में देश के कुछ हिस्सों में उनका प्रभाव भी कम हुआ।

मोदी खुद को ऐसा नेता बताते हैं जो अनिच्छा से सत्ता में आया। उनके मुताबिक, अटल बिहारी वाजपेयी ने उनसे अचानक कहा कि वह गांधीनगर जाकर सीएम पद संभालें। वह अनिच्छुक थे, लेकिन लालकृष्ण आडवाणी के सख्त आदेश के कारण उन्हें जिम्मेदारी लेनी पड़ी। हालांकि, पार्टी के कुछ लोग दूसरी बात कहते हैं। उनका मानना है कि मोदी 1998 में भारतीय जनता पार्टी के महासचिव बनने के बाद से ही मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते थे। जैसा कि हमेशा होता है, सच्चाई इन दोनों बातों के बीच कहीं है। मोदी कोई ऐसे शख्स नहीं थे, जिनमें सत्ता की कोई चाहत न हो। मोदी अक्सर कहते हैं कि वह सिर्फ एक 'विनम्र कार्यकर्ता' थे, जिसे पार्टी ने ऊंचा उठाया। वह अपनी साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि की भी बात करते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि बीजेपी–आरएसएस के कई नेता, जैसे उनके पहले मुख्यमंत्री रहे केशुभाई पटेल, भी सामान्य पृष्ठभूमि से ही थे। मोदी 'हिंदू हृदय सम्राट' के रूप में राजनीति में उभरे।

### अष्टयोग- 5111

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5110 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 37 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### टर्निंग पॉइंट

**मोहन।** गुजरात में मोदी का काम बीजेपी की चुनावी स्थिति को सुधारना था। गोधरा कांड और उसके बाद गुजरात दंगे न हुए होते तो शायद मोदी सफल न हो पाते। कच्छ में पुनर्वास और विकास योजनाओं में तेजी के बावजूद पार्टी की स्थिति बेहतर नहीं हो रही थी। लेकिन, 27 फरवरी 2002 के बाद किस्मत बदल गई। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हुआ और विधानसभा चुनावों में पार्टी को दो–तिहाई बहुमत मिला। लेकिन, मोदी को चिंता थी कि अगर उनकी पहचान यही रही तो वह गुजरात तक सीमित होकर रह जाएंगे। उनकी फिर से चुनावी जीत तब तक सुनिश्चित नहीं थी, जब तक सोनिया गांधी ने 'मौत के व्यापारी' जैसा विवादास्पद बयान नहीं दिया। वह फिर से चुनाव जीत गए। उनके मुख्यमंत्री बनने की 7वीं वर्षगांठ पर सबसे बड़ा मौका तब आया, जब टाटा मोटर्स ने नैनो कार प्रॉजेक्ट को बंगाल से गुजरात शिफ्ट करने का ऐलान किया। रातोरात मोदी 'हिंदू हृदय सम्राट' से 'विकास पुरुष' बन गए। हालांकि 'गुजरात मॉडल' की असलियत कोई भी सही से नहीं समझ पाया। 2012 में जब मनमोहन सिंह की सरकार कमजोर होने लगी, मोदी ने खुद को एक 'निर्णायक' नेता के रूप में पेश कर दिया।





## हरियाणवी डांसर सपना चौधरी दोबारा बनीं मां, नामकरण में नजर आई हजारों की भीड़

हरियाणवी डांसर सपना चौधरी दूसरी बार मां बनी हैं। एक समारोह के दौरान सपना चौधरी के बेटे का नामकरण हुआ। एक कार्यक्रम के दौरान 11 नवंबर को सिंगर बब्बू मान ने सपना चौधरी और सपना चौधरी के दूसरे बच्चे का नाम अनाउंस किया। सोशल मीडिया पर इस इवेंट का वीडियो सामने आया है, जिसमें सपना चौधरी के पति वीर साहू और पंजाबी सिंगर बब्बू मान साथ स्टेज पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस इवेंट में हजारों लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। स्टेज पर बब्बू मान के साथ सपना चौधरी और उनके हसबैंड वीर साहू खड़े दिख रहे हैं। बब्बू मान ये घोषणा करते दिख रहे हैं कि उनके घर एक और नन्हा मेहमान पैदा हुआ है। वो आगे कहते हैं, श्वीर साहू को दूसरा बेटा हुआ है। इन्होंने अपने बेटे का नाम शाह वीर रखा है। ये सुनते ही वहां मौजूद सभी लोग जोर–जोर से तालियां बजाने लगते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 11 नवंबर 2024 को वीर साहू और सपना चौधरी ने अपने दूसरे बेटे के नामकरण के लिए एक बड़ा सा कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में हरियाणवी और पंजाबी सिनेमा जगत के कलाकारों को बुलाया गया था। आम पब्लिक भी सपना के दूसरे बेटे को आशीर्वाद देने के लिए कार्यक्रम में पहुंची थी।

## अमित टंडन ने दिया था पत्नी को धोखा, मौनी रॉय पर साधा था निशाना

क्योंकि सास भी कभी बहू थी एक्टर अमित टंडन इन दिनों इंडस्ट्री से गायब हैं। हाल हीं में सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। इस बातचीत में अमित ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रूबी को कई बार धोखा देने की बात स्वीकार की है और बताया कि कैसे इन चीजों ने उनके रिश्ते को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। क्योंकि सास भी कभी बहू थीश के अलावा अमित शदिल मिल गएश और ये है मोहब्बतें जैसे शोज में भी नजर आ चुके हैं, लेकिन ये अब लाइमलाइट से काफी दूर रह रहे हैं। वाइफ से बिगड़े रिश्ते पर उन्होंने खुलकर बात की और अपनी गलती भी स्वीकार की। अमित ने अपनी पर्सनल लाइफ में उतार–चढ़ाव के बारे में बातें की। एक्टर से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी बेवफाई की है? उन्होंने जवाब देते हुए कहा, श्हां, मैंने किया था। अब मैं क्या कहूं। हां, कुछ ऐसे मोमेंट्स थे जहां... मैं सोच रहा हूं कि इसे सम्मानपूर्वक कैसे कहूं, लेकिन इसे कहने के लिए कोई सम्मानजनक तरीका नहीं है। मैंने अपनी इच्छाओं को खुद पर हावी होने दिया। उन पलों में मैंने अपने अतीत के कुछ हिस्सों को आगे बढ़ने दिया। जाहिर है, कुछ वक्त तो उसको कुछ पता भी नहीं था।


## मनोज बाजपेयी की करोड़ों की जमीन पर कसेगा कानूनी शिकंजा?



बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी सुर्खियों में छा गए हैं। उन्होंने उत्तराखंड में जो करोड़ों रुपये की जमीन खरीदी थी, वह राज्य के भू–कानून के मानकों के मुताबिक नहीं, जिस कारण अब सरकार कोई सख्त कदम उठा सकती है। बताया जा रहा है कि वहां की जमीन पर बाहरी लोगों का कब्जा न हो, इसके लिए राज्य सरकार कोई कानून बनाने के बारे में भी सोच रही है। दरअसल, साल 2021 में मनोज बाजपेयी ने लमगड़ा ब्लॉग में जमीन खरीदी थी, जिसकी कीमत करोड़ों में थी। लेकिन अब उसकी जांच हुई तो पता चला है कि वह भू–कानून से बाहर है। अब जिला प्रशासन का कहना है कि किसी भी तरह का एक्शन लेने से पहले कोर्ट और सरकार की इजाजत लेना जरूरी होगा। खबर ये भी है कि उत्तराखंड सरकार पता लगाने की कोशिश कर रही है कि एक्टर ने जो जमीन ली है, जितने एरिया में उनका मालिकाना हक है, वह जमीन के नियमों का पालन कर रही है या नहीं। बता दें कि फैमिली मैन एक्टर ने 2021 में मेडिटेशन और योग सेंटर के डेवलपमेंट के लिए कपकोट में करीब 2,160 वर्ग फीट की जमीन खरीदी थी। लेकिन लोकल लोगों का कहना है कि तीन साल बीत गए हैं लेकिन अब तक इस जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है। यह जस की तस पड़ी हुई है।

# किरण ने कभी नहीं पूछा अच्छी पत्नी कैसे बनूं: आमिर खान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*आमिर खान और किरण राव ने साल 2005 में शादी की थी और बेटे आजाद के पैरेंट्स भी बने, लेकिन साल 2021 में उनका तलाक हो गया। हालांकि, शादी टूटने के बाद भी आमिर और किरण राव अच्छे दोस्त हैं और प्रोफेशनली साथ जुड़े हुए हैं। दोनों ने साथ में लापता लेडीज में काम किया, जिसे भारत की तरफ से इस बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। इसी बीच आमिर ने एक इंटरव्यू में किरण राव संग रिश्ते पर बात की और खुलासा किया कि तलाक के बाद किरण राव ने उन्हें एक लिस्ट दी थी, जिसमें बताया था कि अच्छा पति कैसे बनें। आमिर खान बताया कि अगर ङपतंद त्व ने कभी उनसे पूछा होता कि अच्छी पत्नी कैसे बनें, तो वह भी उन्हें लंबी लिस्ट देते।*

**किरण ने कभी नहीं पूछा कि अच्छी पत्नी कैसे बनूं**

आमिर बोले, इसने (किरण राव) मुझे कभी नहीं पूछा कि अच्छी पत्नी कैसे बनूं। कभी मुझसे भी पूछो, मैं भी लिस्ट दिखाऊंगा। यह सुनते ही किरण ने हंसते हुए कहा, खुशकिस्मत हूं कि अब एक्स–वाइफ हूं। इसके बाद आमिर ने वो 11 पॉइंट्स बताए, जो किरण ने उन्हें दिए थे। उनमें से एक पॉइंट था कि आमिर दूसरे लोगों को बोलने की आजादी नहीं देते। वह बहुत ज्यादा



बात करते हैं।

**मैं एक्स–वाइफ बोलकर करेक्ट करती**

किरण राव ने तलाक के बाद भी आमिर खान की पत्नी बुलाए जाने पर कहा, मुझसे अकसर पूछा जाता है। अब भी एयरपोर्ट पर लोग कहते हैं, आप आमिर खान की वाइफ हैं, है ना? वो शायद मेरा नाम भी नहीं जानते होंगे, लेकिन मुझे सीधे तौर पर आमिर से जोड़ते हैं। मैं अब इसकी आदी हो गई हूं। लेकिन मुझे उन्हें एक्स–वाइफ कहकर करेक्ट करना पड़ता है। किरण राव ने आगे कहा, हालांकि मैं अब इससे परेशान नहीं होती, क्योंकि व्यक्तिगत रूप से, मेरी हमेशा अपनी पसंद रही है, अपने दोस्त रहे हैं और अपने हिसाब से जिंदगी जीती आई हूं। मुझे ऐसा लगता है कि शादी में हर किसी की अपनी एक पहचान और स्पेस होना चाहिए। यह बहुत जरूरी है। अगर मुझे खुद पर इतना विश्वास नहीं होता, और सिर्फ वाइफ बनकर रह जाती, तो डिप्रेशन में चली जाती। पर मैं यह सोचकर खूब हंसती हूं। किरण राव और आमिर खान ने 2005 में शादी की थी। भले ही उनका तलाक हो चुका है, पर अभी भी परिवार के लिए दोनों साथ खड़े रहते हैं।

**किरण से पहले रीना दत्ता से शादी और बच्चे**

आमिर ने फिर तलाक पर कहा, श्इसका असर हमारे रिश्ते पर नहीं पड़ा। हम पति–पत्नी के रूप में दूर जा रहे थे, पर इंसान के रूप में नहीं। आमिर और किरण राव की पहली मुलाकात लगान के सेट पर हुई थी, और कुछ साल डेट करने के बाद शादी कर ली थी। किरण से पहले आमिर की शादी रीना दत्ता से हुई थी। रीना और आमिर के दो बच्चे हुए। तलाक के बावजूद आमिर का पहली पत्नी के साथ भी अच्छा बॉन्ड है।

# नेहा कक्कड़ के एक्स बॉयफ्रेंड हिमांश कोहली रचाने जा रहे हैं शादी

*नेहा कक्कड़ के एक्स बॉयफ्रेंड रहे बॉलीवुड एक्टर हिमांश कोहली शादी रचाने जा रहे हैं। हिमांश ने फिल्म यारियां से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोशल मीडिया पर उनकी मेहंदी और हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें वह खूब नाचते और झूमते दिख रहे हैं।*



फिल्म यारियां से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले एक्टर और नेहा कक्कड़ के एक्स बॉयफ्रेंड हिमांश कोहली ने की प्री वेडिंग फंक्शन की तस्वीरें सामने आई हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर प्री वेडिंग झलकियों की खूब चर्चा है। एक्टर हिमांश कोहली की मेहंदी और हल्दी जैसे फंक्शन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन सभी तस्वीरों में हिमांशु बेहद खुश नजर आ रहे हैं।

**डांस करते और हाथों में मेहंदी लगवाते नजर आए**

दूल्हा बनने जा रहे हिमांशु कभी अपनी शादी पर डांस करते और झूमते दिख रहे हैं तो कभी हाथों में मेहंदी लगवाते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में उनकी खुशी खूब छलक रही है।

**हाथों पर लिखवाया होने वाली दुल्हनिया का नाम**

हिमांशु ने अपने हाथों पर अपनी होने वाली दुल्हनिया का नाम मेहंदी से लिखवाया। इन झलकियों में श्यारियांश एक्टर ने अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ जमकर डांस करते और झूमते दिख रहे हैं।

**नेहा कक्कड़ संग रिलेशनशिप में थे और करने वाले थे शादी**

खबर है कि ये शादी काफी प्राइवेट होनी है, जहां एक्टर की फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स ही मौजूद रहेंगे। खबर है कि हिमांशु की होनेवाली दुल्हन इंडस्ट्री से बाहर की हैं। यहां याद दिला दें कि हिमांश कोहली पहले नेहा कक्कड़ संग रिलेशनशिप में थे दोनों की शादी की भी चर्चा हो रही थी। इसके बाद इनका ब्रेकअप हो गया और साल 2020 में नेहा ने रोहनप्रीत संग शादी रचा ली।

**हिमांश कोहली की आनेवाली फिल्में**

हिमांश के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हमसे है लाइफ, जीना इसी का नाम है, स्वीटी वेड्स एनआरआई, रांची डायरीज और अभी नहीं तो कभी नहीं में नजर आए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमांशु को जो फिल्में लाइनअप में हैं उनमें बूंदी रायता और जूलिया एंड कालिया आदि शामिल हैं।

# एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट, जिसने विद्या बालन और सामंथा को पतला कर दिया



*विद्या बालन ने इंटरनेट पर यह बोल कर हंगामा मचा दिया था कि उनका वजन एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट की वजह से कम हुआ है। आखिर एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट है क्या और इसके फायदे क्या हैं।*

**एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट क्या है?**

मुंबई की न्यूट्रिशनिस्ट और वेलनेस एक्सपर्ट देबजानी गुप्ता ने इंडिया टुडे को बताया कि एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट से पहले यह समझना जरूरी है कि शरीर में सूजन किन कारणों से होता है। बीमारी या इंजरी के अलावा अनहेल्दी डाइट, खराब लाइफस्टाइल, स्ट्रेट और कार्टिसोल हार्मोन के बढ़ने के कारण सूजन होती है। लेकिन जब लाइफस्टाइल में बदलाव कर एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट फॉलो किया जाता है तो सूजन काफी हद तक कम हो जाती है।

**विद्या बालन की फिटनेस का राज**

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट बहुत पॉपुलर हो रहा है। गलट्टा प्लस से एक बातचीत में एक्ट्रेस विद्या बालन ने बताया कि वजन घटाने के लिए मैंने काफी स्ट्रगल किया। लंबे समय तक डाइटिंग और एक्सरसाइज किया। मेरा वजन घटता जरूर था लेकिन फिर बढ़ जाता था। फिर मैं चेन्नई में अमुरा (अमुरा हेल्थ) नाम के एक न्यूट्रिशन ग्रुप से मिली। वहां मुझे बताया गया कि मेरे शरीर पर फैट नहीं बल्कि सूजन है। इसके बाद उन्होंने मुझे एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट पर रखा। दरअसल, उन्होंने मुझे ऐसे फूड्स से दूर रखा जो मुझे सूट नहीं करते थे। इसके बाद मेरा वजन काफी कम हो गया। विद्या ने आगे बताया कि उन्होंने इस साल किसी भी तरह का वर्कआउट नहीं किया। सिर्फ एंटी इंफ्लेमेटरी डाइट से मुझे अच्छा रिजल्ट मिला।

**वेट लॉस के लिए सामंथा करती हैं सिर्फ ये काम**

इंस्टाग्राम क्यू एंड ए सेशन के दौरान हाल ही में सामंथा रूथ प्रभु ने बताया कि वह एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट फॉलो कर रही हैं। इससे उन्हें वजन घटाने में काफी मदद मिल रही है जो उसे हेल्थ (मायोसिटिस) के लिए अच्छा है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट कैसी होती है?**

गुरुग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स की हेड और चीफ डायटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट परमीत कौर ने बताया कि एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट में बेरी जैसे फल, पालक, हल्दी और अदरक जैसी सब्जियां भरपूर मात्रा में होती हैं, जो सूजन को कम करती हैं। ब्राउन राइस और बाजरा जैसे साबुत अनाज, नट्स, बीज और ऑलिव ऑयल जैसा हेल्दी फैट लेना फायदेमंद है। साथ ही फ्लैक्स सीड्स, चिया सीड्स या मछली जैसी ओमेगा–3 फैटी एसिड युक्त फूड्स, भी एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं जिनका सेवन किया जा सकता है। डॉ. बत्रा का कहना है कि सूजन एक्यूट या क्रोनिक हो सकती है। एक्यूट सूजन तब होती है जब कोई चोट या आघात होता है जो बहुत कॉमन है। वहीं, क्रोनिक सूजन अगर लंबे समय तक बनी रहे, तो कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



## 100 मर्ज की एक दवा तुलसी, पानी में उबालें 5 पत्ते, खुद कटने लगेगा कोलेस्ट्रॉल

भारत में आज देव उठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व मनाया जा रहा है। तुलसी विवाह का पर्व हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी (देव उठनी एकादशी) के दिन मनाया जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु और देवी तुलसी (पवित्र तुलसी के पौधे का प्रतीक) के विवाह का उत्सव है। इस दिन तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह सजाकर भगवान विष्णु के साथ उनका विवाह किया जाता है। देवी तुलसी का ह्रदय इतना पवित्र और चरित्र में इतनी निष्ठावान थीं कि स्वयं भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया। इसे हिंदू विवाह की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है और इसी दिन से विवाह के मुहूर्त शुरू होते हैं। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार के अनुसार, जब से भगवान विष्णु ने पवित्र तुलसी से विवाह किया, तब से वे एक–दूसरे से अलग नहीं हुए हैं। ऐसा माना जाता है कि जो भी प्रार्थना हम पवित्र तुलसी के पौधे से करते हैं, वह भगवान नारायण (विष्णु) तक पहुंचती है। तुलसी एक उत्कृष्ट एडाप्टोजेन और स्ट्रेस को कम करने वाली है। यह मन को शांत करने में मदद करती है। आधुनिक युग में, यह रेडियोथेरेपी के प्रभावों को कम करने के लिए अपनी क्षमता के कारण शोध में भी शामिल है। तुलसी एक बेहतरीन एंटीवायरल और एंटी–कोलेस्ट्रॉल जड़ी–बूटी है, जो आपके इम्यून सिस्टम और दिल की अच्छी दोस्त है।

## शोधकर्ताओं ने ढूंढा कैंसर का कारण बनने वाला जीन म्यूटेशन

कैंसर का नाम सुनकर हाथ–पैर फूलना सामान्य है। यह बीमारी देर से पता चलती है और इलाज भी काफी जटिल होता है। सबसे बड़ी बात है कि कैंसर होने के पीछे सटीक कारणों का पता लगाने के लिए शोधकर्ता दिनरात अध्ययन करते रहते हैं। जिससे इसके इलाज को और ज्यादा आसान और प्रभावी बनाया जा सके। ऐसे ही एक शोध में एक नये जीन म्यूटेशन का पता लगा है। कैंसर होने के पीछे एक जीन की चौंकाने वाली भूमिका मिली है। जिसकी मदद से भविष्य में कैंसर के इलाज को प्रभावी बनाया जा सकता है। हमारी बॉडी की हर सेल्स में डीएनए को ढकने और खोलने का कार्य प्रोटीन करते हैं, जिसके दौरान सावधानी से कुछ जीन्स को एक्टिवेट और डिएक्टिवेट किया जाता है। इस प्रक्रिया में जरा सी भी गड़बड़ी होने पर कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारी हो सकती हैं। नेचर जर्नल में प्रकाशित प्रोफेसर Chuan He और उनकी टीम के शोध के मुताबिक इस प्रक्रिया में ज्म्2 जीन के जरिए आरएनए की भूमिका भी मिली है। इसका मतलब है कि केवल डीएनए ही नहीं, बल्कि आरएनए के इस जीन में गड़बड़ी होने पर भी कैंसर का खतरा हो सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक जब TET2 में गड़बड़ी आती है तो क्रोमेटिन भी ढंग से नहीं हो पाता। डीएनए की तरह आरएनए भी जीन के कामकाज को प्रभावित करता

## दावत खाते ही फूल जाता है पेट तो घर पर आसान तरीके से बनाएं चूर्ण



गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी की समस्या सुनने में काफी आम लगती हैं। मगर जिन लोगों को इनका गंभीर सामना करना पड़ता है, उनके लिए यह काफी कष्टदायक होती हैं। अक्सर खाना खाने के बाद इन समस्याओं को बहुत झेलना पड़ता है। शादी का सीजन आ रहा है और दावत खाने के बाद तो यह समस्या होना आम है। क्योंकि शादी का खाना मसालेदार और भारी होता है। पेट में गैस, एसिडिटी और ब्लोटिंग से अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट तन्वी तुतलानी ने पेट फूलने का घरेलू उपाय बताया है। आप घर पर एक डिब्लोट पाउडर बनाकर रख सकते हैं। जब भी ब्लोटिंग की परेशानी हो, इसे पानी में घोलकर पी लें। कुछ ही मिनटों में आपको आराम मिलने लगेगा। तन्वी तुतलानी के मुताबिक इस चूर्ण की 1 चम्मच मात्रा लेकर 1 गिलास गुनगुने पानी में घोलकर पी लें। इस बात का ध्यान रखें कि आपको खाना खाने के 30 मिनट बाद इसका सेवन करना है। इसे पीने से ब्लोटिंग, एसिडिटी की प्रॉब्लम कम होगी। साथ ही सारी गट प्रॉब्लम में राहत मिलेगी।

# महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक होता है कॉर्डोमा का खतरा

*कॉर्डोमा एक प्रकार का कैंसर है जो रीढ़ की हड्डी और स्कल की हड्डी में विकसित होता है। यह दुर्लभ बीमारी बहुत कम लोगों को होती है लेकिन यह किसी भी उम्र में हो सकती है। यहां तक बच्चे भी इसके चपेट में आ सकते हैं। यह बीमारी महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक होती है। एनसीबीआई के अनुसार यह पीठ, गले या रीढ़ कहीं भी हो सकता है लेकिन ज्यादातर यह रीढ़ या स्कल के निचले हिस्से में होता है। यहां से यह शरीर के अन्य हिस्सों जैसे फेफड़े, लिवर, स्किन आदि में भी पहुंच जाता है। यह बीमारी धीरे धीरे फैलती है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**कॉर्डोमा के लक्षण**

कॉर्डोमा की समस्या में रीढ़ और ब्रेन की नसों पर दबाव पड़ता है। इससे दर्द, सुन्नता या कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती है। इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि कैंसर किस जगह है और वह कितना बड़ा है। जैसे असामान्य रूप से आंखों का हिलना, आवाज या बोलने के तरीके में बदलाव, देखने में समस्या सिर दर्द, चेहरे के भाव दिखाने में असक्षम, गर्दन में दर्द, निगलने में कठिनाई, आंतों का सही तरीके से काम न करना, पीठ के निचले हिस्से में गांठ, स्तब्ध हो जाना, झुनझुनी, हाथों और पैरों में कमजोरी, पीठ के निचले हिस्से में दर्द और मूत्राशय को कंट्रोल करने में समस्या।

**कॉर्डोमा का कारण**

डॉक्टर के अनुसार यह समस्या जीन में गड़बड़ी से जुड़ी होती है।



कुछ परिवारों में टीवीएक्सटी जीन की अतिरिक्त कॉपी बनने लगती है जिसे डुप्लीकेट जीन कहा जाता है। इस परिवार के लोगों में कॉर्डोमा होने का खतरा अधिक होता है। इसके अलावा जिन परिवारों में इस बीमारी का इतिहास नहीं था उनमें भी टीवीएक्सटी जीन की क्रियाओं में वृद्धि पाई गई है।

**कॉर्डोमा के तीन अलग-अलग प्रकार होते हैं**

क्लासिक कॉर्डोमा यह सबसे आम प्रकार का कॉर्डोमा है। यह एक अनोखे प्रकार की कोशिका से बनता है जो बुलबुले जैसे दिखते हैं। डिफरेंशिएटेड कॉर्डोमा यह कोडरमा एक दुर्लभ प्रकार का है जो असामान्य कोशिकाओं के मिश्रण के रूप में दिखाई देता है। यह अधिक आक्रामक और तेजी से बढ़ने वाला मेटास्टेसाइज होने की अधिक संभावना वाला होता है। खराब रूप से विभेदित कॉर्डोमा कॉर्डोमा का यह प्रकार बहुत ही दुर्लभ है यह सबसे ज्यादा बच्चों और युवा वयस्कों को प्रभावित करता है।

**कॉर्डोमा का निदान**

इमेजिंग टेस्ट के जरिए डॉक्टर यह पता लगा सकते हैं कि कैंसर शरीर के किस हिस्से में है और कितना बड़ा है। जैसे एक्स–रे, सीटी स्कैन, एमआरआई इसके अलावा बायोप्सी के द्वारा भी इस बात का पता लगाया जाता है की कैंसर कहां है।

**कॉर्डोमा का इलाज**

कॉर्डोमा का इलाज ट्यूमर की जगह और उसके आकार पर निर्भर करता है। इसका इलाज सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी से किया जा सकता है।




**पर्थ में की विराट ने की प्रैक्टिस**

भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने पर्थ में प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। विराट कोहली समेत ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल भी नेट में बल्लेबाजी करते नजर आए। बता दें कि पहला टेस्ट 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगा। विराट एक बार फिर अपने करियर में खराब दौर से गुजर रहे हैं। उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं।

## पर्थ की सड़कों पर वाइफ संग दिखे विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 5 मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। टीम इंडिया ने दो अलग–अलग बैच में इस बार ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेवल किया एक बैच 10 नवंबर तो दूसरा बैच 11 नवंबर को रवाना हुआ। न्यूजीलैंड से घर पर 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप होने के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में दमदार वापसी करने को देखेगी। जहां एक ओर कप्तान रोहित शर्मा के पहले टेस्ट खेलने पर कुछ स्पष्टता नहीं मिली है। वहीं दूसरी ओर टीम के दूसरे सीनियर प्लेयर विराट कोहली अपने परिवार संग पर्थ पहुंच गए हैं। उनकी अब एक फोटो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया के सबसे चर्चित प्लेटफॉर्म ट्विटर पर भारतीय टीम के रन मशीन विराट कोहली की एक फोटो वायरल हो रही है। उस फोटो में विराट पर्थ में अपनी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि बेबी का फेस हाइड करने के लिए उसपर इमोजी लगाया गया है, जिससे पता नहीं चल पा रहा है कि वह वामिका हैं या फिर उनके छोटे भाई अकाय।

# वनडे की वो अद्भुत पारी, जिसने रोहित शर्मा को हिटमैन बना दिया

**क्रिकेट**

### रोहित शर्मा ने जब कोलकाता में खेली थी 264 रन की पारी




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 13 नवंबर 2014 एक ऐसा दिन है जिससे हर भारतीय क्रिकेट फैन की खास यादें जुड़ी हैं। दरअसल, भारत के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक, रोहित शर्मा ने कोलकाता के एडन गार्डन्स में श्रीलंका के खिलाफ 264 रनों की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली थी। यह वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है और सच कहूं तो इतने सालों बाद भी यह संभव नहीं लगता। उस दिन रोहित शर्मा एक अलग ही लेवल पर थे। उन्होंने धीमी शुरुआत की थी, अपना समय लिया और फिर अचानक से पूरा बीस्ट मोड चालू कर दिया। श्रीलंकाई गेंदबाजों पर चौके और छक्के की बारिश होने लगी।

उनका हर शॉट जादू जैसा लग रहा था, चाहे वह उनके तेज कट, मजबूत पुल, या उनके लॉफ्टिड ड्राइव हों। उन्होंने 33 चौके और 9 छक्के लगाते हुए महज 173 गेंदों में अपना ऐतिहासिक 264 रन का स्कोर बनाया। रोहित को यह कारनामा किए आज पूरे 10 साल हो गए हैं। लेकिन अब तक वनडे में सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड उनका कोई तोड़ नहीं पाया। रोहित वनडे में सबसे ज्यादा 3 दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। रोहित को उनकी इस पारी के बाद से हिटमैन कहा जाने लगा था।

श्रीलंका ने रोहित से छुटकारा पाने के लिए सब कुछ आजमाया। लेकिन कुछ काम नहीं आया। रोहित शर्मा ने हर एक श्रीलंकाई गेंदबाज की जमकर धुनाई की थी। हिटमैन के शॉट्स का विरोधी टीम के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। रोहित की इस आतिशी पारी के दम पर भारत ने 404ध5 का विशाल स्कोर बनाया। टीम इंडिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। 405 रन के विशाल टारगेट को चेज करना कोई आसान काम नहीं था। आज की डेट में भी इतने बड़े स्कोर वनडे में कम बनते हैं। इस विशाल टोटल का श्रीलंका पर शुरुआत से ही दबाव था, जिसका नतीजा यह हुआ कि मेहमान टीम 43.1 ओवर में 251 रनों पर ऑल आउट हो गई और 153 रन से भारत ने मैच जीत लिया। टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट उस मुकाबले में धवल कुलकर्णी ने लिए थे।

# गौतम गंभीर का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैसा है टेस्ट रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का आगाज करेगी। टीम इंडिया की बैटिंग न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी तरह से फेल रही थी। इसके बाद महान सुनील गावस्कर ने अपने एक बयान में कहा कि अभिषेक नायर से बेहतर बैटिंग रिकॉर्ड गौतम गंभीर का है। उन्हें न केवल हेड कोच, बल्कि इससे अधिक बैटिंग कोच के तौर पर टीम को ट्रेनिंग देना चाहिए। वह काफी हद तक सही भी हैं। गंभीर ने न केवल अभिषेक नायर से अधिक इंटरनेशनल मैच खेले हैं, बल्कि उनका रिकॉर्ड भी शानदार है।

सबसे पहले जानते हैं हेड कोच के टेस्ट करियर के बारे में। गौतम गंभीर ने 2004 से 2016 तक कुल 58 टेस्ट खेले। इस दौरान उन्होंने 104

■विराट कोहली और रोहित शर्मा को फॉर्म में लाना होगा

पारियों में 5 बार नॉट आउट रहते हुए कुल 4154 रन ठोके, जबकि उनका औसत 41.95 और स्ट्राइक रेट 51.49 है। उनके नाम टेस्ट में 9 शतक और 22 अर्धशतक हैं, जबकि 7 बार वह शून्य पर आउट हुए। उन्होंने टेस्ट करियर में 518 चौके और 10 छक्के उड़ाए।

गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 9 टेस्ट खेले। इस दौरान उन्होंने 18 पारियों में कुल 673 रन बनाए। उनका औसत 37.38और स्ट्राइक रेट 47.46 का रहा। उनके नाम 2 शतक और 2 अर्धशतक हैं, जबकि बेस्ट स्कोर 206 रन है। वह दो बार शून्य पर भी आउट हुए हैं, जबकि 78 चौके और 2 छक्के जड़े हैं।

गौतम गंभीर ऐसे भारतीय कोच हैं, जो परदे के आगे भी दिखाई देते हैं। जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो संजय मांजरेकर को यह बात पसंद नहीं आई। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार से उन्हें बहाना मिला था और उन्होंने बीसीसीआई से उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर रखने को कहा। जरूरी है कि अब गंभीर आलोचकों का मुंह बंद करवा दें।

गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भले ही इस बात से इनकार किया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की फॉर्म उनके लिए चिंता की बात नहीं, लेकिन असल में ऐसा नहीं होगा। वह चाहेंगे कि भारत के ये दोनों ही महान बल्लेबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करें, वर्ना ऑस्ट्रेलिया को रोक पाना नामुमकिन होगा।

## आईसीसी को निशाना लेकर दुनिया को बताया बेवकूफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर लगातार बवाल जारी है। सुरक्षा कारणों के चलते बीसीसीआई ने टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इनकार किया है, जिसके बाद से पीसीबी तिलमिला गया। बीसीसीआई टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर कराना चाहता है। इस बीच दोनों की तरफ से दिग्गज खिलाड़ियों के बीच जुबानी जंग भी देखने को मिली। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बेबाक राय दी है। पाकिस्तान टीम के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर एक नया सुझाव दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर आईसीसी हाइब्रिड मॉडल के साथ आगे बढ़ने का फैसला करता है, तो भारत और पाकिस्तान को अलग–अलग पूल में रखना सबसे अच्छा होगा। एशेज या भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच को एक जैसी बाकी श्रृंखलाओं जैसा समझना पर दुनिया को बेवकूफ बताया है।

## न्यूज डायरी



### शाहीन अफरीदी ने सिर्फ 3 वनडे में गजब कर दिया, छीन लिया नंबर–1 का ताज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अपने खराब दौरे को पीछे छोड़ चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कातिलाना गेंदबाजी की, जिसका उन्हें फायदा मिला है। वह वनडे रैंकिंग में नंबर वन की पोजीशन पर वापसी आ गए हैं, जबकि उन्होंने भारतीय मूल के साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज को पीछे छोड़ा है। केशव महाराज अब तीसरे नंबर पर हैं। शाहीन चौथे नंबर पर थे, जबकि अब वह तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। शाहीन अफरीदी ने भारत में खेले गए वनडे विश्व कप 2023 में अपनी बादशाहत खोई थी। अब एक साल बाद वह फिर नंबर वन बने हैं। दूसरी ओर, भारत की ओर से टॉप रैंकिंग में कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव तीसरे नंबर पर हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह 5वें नंबर पर हैं। जसप्रीत बुमराह ने आखिरी मैच वनडे विश्व कप 2023 में 19 नवंबर को खेला था। यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद में वनडे विश्व कप का फाइनल था। उसके बाद से बुमराह इस फॉर्मेट में नहीं खेले हैं। इस वजह से उनकी वनडे रैंकिंग नहीं सुधर रही है।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग नहीं कर पाएंगे पर्थ टेस्ट में कॉमेंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना होती उससे पहले ही एक विवाद शुरू हो गया। ऑस्ट्रेलिया के ऑलटाइम ग्रेट कैप्टन रिकी पोंटिंग ने एक बयान में विराट कोहली की आलोचना की और फॉर्म पर सवाल उठाए। इस बारे में जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौतम गंभीर से पूछा गया तो उन्होंने पोंटिंग को सुनाने में कोई कोताही नहीं बरती। इस बीच पोंटिंग ने फिर जवाब देते हुए कहा कि गंभीर चिड़चिड़े स्वभाव वाले हैं। खैर, इधर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लेकर एक बड़ी खबर यह है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट यानी पथ मैच में कॉमेंट्री नहीं कर पाएंगे। वह और उनके लंबे समय तक साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊदी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कामेंट्री नहीं कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र 'द एज' के अनुसार, 'प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चौनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआती मैच में अपने धुर प्रशंसक की कमी खल सकती है। पोंटिंग को पंजाब किंग्स ने हाल में अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि लैंगर पहले से ही लखनऊ सुपरजाइंट्स में यह भूमिका निभा रहे हैं। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच डेनियल विटोरी भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

### आईपीएल 2025 में नई टीम में खेलते नजर आ सकते हैं केएल राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केएल राहुल को लखनऊ सुपरजायंट्स ने रिलीज कर दिया है और आगामी आईपीएल नीलामी में उनका डंका बज सकता है। केएल राहुल को खरीदने के लिए फ्रेंचाइजी के बीच होड़ मचती हुई दिख सकती है। बता दें कि 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में आईपीएल 2025 नीलामी का आयोजन होगा। राहुल ने आईपीएल के प्रसारणकर्ता से बातचीत में कई रोचक खुलासे किए। इस दौरान उनसे पूछा गया कि 2025 आईपीएल में रोहित शर्मा, एमएस धोनी या विराट कोहली में से किसके टीम साथी बनना पसंद करेंगे। पता हो कि तीनों खिलाड़ियों (धोनी, कोहली और रोहित) को फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। राहुल ने जो जवाब दिया, उसका वीडियो वायरल हो गया है। बता दें कि राहुल ने 2022 से 2024 तक लखनऊ सुपरजायंट्स का नेतृत्व किया। 2022 और 2023 में एलएसजी ने प्लेऑफ तक का सफर तय किया, लेकिन पिछले साल उसका प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा नहीं रहा। लखनऊ की टीम ने सीजन का अंत सातवें स्थान पर रहकर किया। राहुल अब आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में नजर आएंगे, जहां उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है।

पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किए बद्री विशाल के दर्शन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा अब अंतिम चरणों में है। अभी भी बड़ी संख्या में देश भर से श्रद्धालु बाबा बद्री विशाल के दर्शन करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा पिछले दो तीन सालों से श्रद्धलुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में यात्रियों की संख्या में रिकार्ड वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से यहां पर मास्टर प्लान का काम तेजी से पूरा हो रहा है। आने वाले समय में यहां का भव्य स्वरूप बनेगा। सरकार का प्रयास है कि हर साल यात्रा और बेहतर हो उन्होंने कहा कि राज्य में यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है।

### रोडवेज कर्मचारियों ने 18 से आंदोलन को चेताया

**संवाददाता** देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद पर्वतीय डिपो शाखा ने डिपो प्रबंधन पर नई बसों का आंवटन नियम विरुद्ध करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने 18 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। डिपो के सहायक महाप्रबंधक को भेजे पत्र में मंत्री नमन शर्मा ने कहा कि मुख्यालय के आदेशानुसार नई बसों का आंवटन बेहतर काम करने वाले ड्राइवरों को किया जाना चाहिए। लेकिन डिपो प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया है। डिपो में ऐसे चालक को नई बस आंवटित की गई, जिसका प्रदर्शन खास नहीं है, यही नहीं इस चालक ने रोडवेज की छवि भी धूमिल की है।

### सनातन धर्म मंदिर में फहराया 108 फीट का ध्वज

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर श्री सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक मास का वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में बुधवार को 108 फीट ऊंचा हाईड्रोलिक ध्वज फहराया गया। सर्वप्रथम मंदिर में पुजारी कृष्ण प्रसाद ने हवन यज्ञ किया। गणपति पूजन के साथ भगवान विष्णु लक्ष्मी जी का पूजन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने 108 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक ध्वज का कच्ची लस्सी से अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए ध्वज में रूमाल बांधे।

### लूडो प्लेटफॉर्म जूपी ने गेमप्लेज के साथ तोड़े रिकॉर्ड

**संवाददाता** देहरादून। कौशल आधारित लूडो गेमिंग में अग्रणी जूपी ने 100 मिलियन यूजर्स का आंकड़ा हासिल कर कौशल आधारित ऑनलाईन लूडो के किंग के रूप में अपनी स्थिति को बेहद मजबूत बना लिया है। यह उपलब्धि जूपी को देश भर के कौशल आधारित लूडो प्रशंसकों के लिए पंसदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करती है, जिसने 6.6 बिलियन गेमप्लेज के साथ उनके उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। जूपी मात्र एक ओर गेमिंग प्लेटफॉर्म नहीं हैय यह ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसने भारतीयों के लिए पारम्परिक खेलों के साथ जुड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदल डाला है।

# उत्तराखण्ड में जल्द लागू होगा सशक्त भू-कानूनः मुख्यमंत्री

**ऐलान**

■ भू–कानून लागू करने को लेकर सीएम धामी की अध्यक्षता में विधानसभा भराड़ीसैंण में हुई बैठक

■ भराडीसैंण में आयोजित इन्वेस्ट समिट में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विधानसभा भवन भराड़ीसैंण में उत्तराखण्ड में सख्त भू–कानून के सम्बन्ध में भू कानून के लिए बनाई गई समिति एवं अन्य पूर्व उच्चाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों के साथ भू कानून के ड्राफ्ट पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भू कानून को लेकर अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू होने वाले भू–कानून को जन भावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की दिशा में काम कर रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चर्चा के दौरान बहुत से अच्छे सुझाव आए हैं, जिन्हें भू कानून में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार स्तर पर भी भू कानून को लेकर जनता से सुझाव लिए जाएंगे, जिनमें से अच्छे सुझावों को इसमें शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सशक्त भू कानून का ड्राफ्ट स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं और विकास के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूडी, पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, सुभाष कुमार, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, बीपी पाण्डेय, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, एस.एन. पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

गौरतलब है कि भगवान बद्रीनाथ के दर्शन करने चमोली पहुँचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा धाम में पूजा अर्चना के बाद भराड़ीसैण में रोजगार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को उद्यमियों व युवाओं को प्रोत्साहित करने को आयोजित इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम में हिस्सा किया।

युवाओं के लिए रोजगार के नए नए अवसर उत्पन्न करने को उत्तराखंड सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों के इतर छोटे बड़े उद्यमियों को राज्य में आर्थिक उर्ध्वगामी गतिविधियों को बढ़ावा देने सहित स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण बताया है, जिससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि और समग्र विकास की संभावनाएँ बढ़ाई जा सकेंगी। जिसके तहत सरकार द्वारा भराड़ीसैण में उद्यमियों को प्रोत्साहित करने को आयोजित इन्वेस्टर समिट में मुख्यमंत्री द्वारा खुद भी शिरकत कर उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया।

गौरतलब है कि इन्वेस्ट समिट का उद्देश्य राज्य में निवेशकों को आमंत्रित कर रोजगार के नए अवसरों को सृजित करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, उद्योगपतियों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया, जो उत्तराखंड की आर्थिक संभावनाओं को उजागर करने में मदद करेंगे।

### चमोली पुलिस के जवानों ने मुख्यमंत्री धामी को दी सलामी



भराड़ीसैण हेलीपैड पहुँचे मुख्यमंत्री का पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी चमोली सन्दीप तिवारी, पुलिस कप्तान चमोली सर्वेश पंवार,मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार द्वारा पुष्पचगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सेरिमोनियल ड्रेस से सजी चमोली पुलिस के जवानों ने सलामी दी।

# पलायन रोकथाम के लिए बनेगी अल्प, लघु और दीर्घकालिक योजनाएं

**बैठक**

■ पहाड़ से पलायन की रोकथाम के लिए सीएम ने ली पलायन निवारण आयोग की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा परिसर भराडीसैंण में पलायन निवारण आयोग की अहम बैठक हुई। जिसमें पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के साथ ही इसके निवारण हेतु बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर मंथन किया गया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन की समस्या को लेकर गंभीर है और इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में स्वरोजगार के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। इसको और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है। पलायन निवारण आयोग द्वारा दिए जा रहे सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से ठोस कार्य योजना बनाई जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए कई योजनाओं को लागू किया है। देश विदेश के प्रवासियों को भी इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पलायन निवारण के लिए प्रवासियों से भी अच्छे सुझाव मिले हैं, जिन्हें धरातल में उतारा जाएगा।

### 2025 तक डेढ़ लाख महिलाएं बनेगी लखपति दीदीः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित राज्यस्तरीय ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार ने 2025 तक, डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

बुधवार को भराड़ीसैंण में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी में इस कार्यशाला का आयोजन होना अपने आप में एतिहासिक अवसर है। सीएम ने कहा कि किसी भी काम के शुरुआत में कठिनाई तो आती ही है, लेकिन अब महिलाएं और युवा स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने लगे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते अब तक प्रदेश में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी है। आज महिलाएं स्वयं सहायता समूहों या निजी प्रयासों से शानदार उत्पाद तैयार कर रही है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।